PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, सोमवार 10 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## Aligarh News: भाजपा नेता संग ब्लैकमेलिंग में दंपती गिरफ्तार,

महानगर के एक भाजपा नेता को ब्लैकमेल करने के मामले में एक दंपती को बन्नादेवी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में पूछताछ में महिला ने अधिवक्ता द्वारा क्लाइंट बताए जाने और फिर आईडी देकर उस पर वीडियो वायरल करने की जानकारी दी है।



इस मामले में पीड़ित भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी निधीश कांत भट्ट हैं। उनकी शिकायत पर थाना बन्नादेवी पुलिस ने महिला पूजा और खुद को अधिवक्ता बताने वाले अनूप कौशिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसमें कहा गया कि 10-12 दिन पहले निधीश कांत भट्ट की फेसबुक मैसेंजर पर पूजा नाम की महिला से बातचीत शुरू हुई थी।आरोप है कि महिला ने फ्लैट बेचने के बहाने उन्हें 30 जुलाई को क्वार्सी बाईपास स्थित स्वर्ण जयंती नगर बिजली घर के पीछे बुलाया। वहां पहुंचने पर उन्हें साजिश के तहत नशीला पदार्थ खिला दिया गया।

फिर नशे में उनके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए।आरोप है कि मौके पर मौजूद अज्ञात लोगों ने उनकी सोने की अंगूठी, चेन और जेब में रखे 12 हजार रुपये भी निकाल लिए। बाद में पूजा ने व्हाट्सएप कॉल की। इसके बाद खुद को अधिवक्ता अनूप कौशिक बताने वाले व्यक्ति ने फोन कर वीडियो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे अपराध में फंसाने की धमकी दी। इस धमकी पर पहले उन्होंने दो लाख रुपये दे दिए। बाद में पांच लाख की डिमांड की गई।सीओ द्वितीय धनंजय के अनुसार इस मामले में अतरौली के रहने वाले श्रवण कुमार व क्वार्सी के स्वर्ण जयंती नगर में रहने वाली उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने स्वीकारा है कि अधिवक्ता ने उन्हें क्लाइंट बताए थे। महिला का पति इस धंधे में सहयोग करता है। अधिवक्ता द्वारा दी गई आईडी से ही उन्होंने निधीश संग इस घटना को अंजाम दिया था। सीओ ने बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## वाह रे सिस्टम: छह एंबुलेंस खड़ी रहीं,

### 7वीं देख किया बैठने से इनकार, 2200 रुपये में निजी कार से घर लौटी प्रसूता

अस्पताल परिसर में पहले से छह एंबुलेंस मौजूद थीं, लेकिन चालकों ने बताया कि कंट्रोल रूम से ड्यूटी आवंटित होने के बाद ही मरीज को ले जाया जा सकता है। करीब आधे घंटे इंतजार के बाद जब सातवीं एंबुलेंस वहां पहुंची तो उसके अंदर स्ट्रेचर देख पति हैरान रह गया।अलीगढ़ जिला महिला अस्पताल में प्रसव के बाद छुट्टी मिली तो परिवार को सरकारी निशुल्क एंबुलेंस से घर पहुंचने की उम्मीद थी। अस्पताल परिसर में छह एंबुलेंस खड़ी थीं, लेकिन कंट्रोल रूम से आई एंबुलेंस को देखकर पति ने उसमें बैठने से इनकार कर दिया। उसने चालक से कहा कि पत्नी की सिजेरियन डिलीवरी हुई है। उसे टांके आए हैं। इसमें जाएंगे तो गड्ढों में उसका बुरा हाल हो जाएगा। तपाक से चालक बोला, देख लो, हमारे पास तो यही है। आखिरकार पति को अपनी पत्नी और नवजात को 2200 रुपये खर्च कर किराये की कार से घर ले जाना पड़ा। रविवार दोपहर करीब दो घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान मां और शिशु जमीन पर ही लेटे रहे। पूछने पर पता चला कि छुट्टी के बाद स्ट्रेचर नहीं मिला। टांके की वजह से प्रसूता को पीड़ा हो रही थी। इसलिए इमरजेंसी के बाहर जमीन पर ही लिटाना पड़ा।



जानकारी के अनुसार, देहली गेट निवासी कमल ने एक सप्ताह पहले पत्नी राधा को प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के बाद रविवार को छुट्टी मिलने पर पति ने 102 एंबुलेंस सेवा के लिए कंट्रोल रूम पर फोन किया। अस्पताल परिसर में पहले से छह एंबुलेंस मौजूद थीं, लेकिन चालकों ने बताया कि कंट्रोल रूम से ड्यूटी आवंटित होने के बाद ही मरीज को ले जाया जा सकता है। करीब आधे घंटे इंतजार के बाद जब सातवीं एंबुलेंस वहां पहुंची तो उसके अंदर स्ट्रेचर देख पति हैरान रह गया। उसने चालक से सवाल भी किए, लेकिन जब जवाब में लापरवाही भरे शब्द सुनने को मिले तो उसने किराए पर एक कार बुलाने का फैसला लिया।



कमल का कहना था कि काफी देर से उसकी पत्नी राधा और नवजात शिशु आपातकालीन वार्ड के बाहर गर्मी में जमीन पर लेटे थे। पहले छुट्टी के लिए कागजी कार्यवाही, फिर एंबुलेंस बुलाने तक दोपहर हो गई थी। फिर कंट्रोल रूम फोन करते तो और समय लगता। इसलिए उसने 2200 रुपये अपनी बुआ से उधार लेकर कार बुलाई।

## Aligarh:किरायेदार दंपती ने की थी रिटायर्ड दरोगा के घर से चोरी, गिरफ्तार



थाना बन्नादेवी क्षेत्र के रामनगर में रिटायर्ड दरोगा के घर से 7.50 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। यह चोरी मकान में किराये पर रहने वाले दंपती ने की थी। पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.21 लाख रुपये नकद, चोरी के पैसों से खरीदी गई एक्टिवा और एक तमंचा बरामद करने का दावा किया है।रामनगर निवासी रिटायर्ड दरोगा खड़ग सिंह जादौन ने पुलिस को बताया था कि उनके मकान में किराये पर रहने वाला परिवार अचानक गायब हो गया।

साथ ही घर में रखे 7.50 लाख रुपये भी नहीं मिले। शक के आधार पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। सीओ प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हाथरस के नयाबांस गांव निवासी पंकज दुबे और उसकी पत्नी ममता दुबे को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि उधारी चुकाने के लिए चोरी का प्लान बनाया था।सीओ के अनुसार, चोरी की रकम में से करीब 1.04 लाख रुपये से एक्टिवा और तमंचा खरीदा गया। बाकी रकम घर के सामान और बच्चों की खरीदारी, पुरानी उधारी चुकाने तथा छोटे कारोबार में खर्च कर दी गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हर-हर महादेव से गूंजा ओंकारेश्वर:

### शिवमय हुई नगरी, सुगंधित फूलों से सजा ज्योतिर्लिंग; आज निकलेगी भव्य पालकी




श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान का भव्य पुष्प शृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। नर्मदा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। दोपहर में पालकी यात्रा, पंचामृत अभिषेक और नौका विहार सहित धार्मिक आयोजन हुए।श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के मंदिर को गर्भगृह से लेकर पूरे परिसर तक सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। पूरी रात चले विशेष फूलों के शृंगार के बाद सोमवार सुबह मंदिर के पट खुले तो भगवान के अलौकिक और मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भगवान ओंकारेश्वर के विशेष पुष्प शृंगार के लिए महेश्वर और उज्जैन से पंडितों के साथ फूलों की सजावट में दक्ष कारीगर भी पहुंचे थे। कई क्विंटल सुगंधित फूलों से गर्भगृह और मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए।

**नर्मदा घाटों पर गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष**


श्रावण सोमवार के अवसर पर देशभर से हजारों श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन से पहले मां नर्मदा में स्नान किया। नर्मदा घाटों से लेकर मंदिर परिसर तक दिनभर 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और 'नर्मदे हर' के जयघोष गूंजते रहे। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेष रूप से भगवान के भव्य पुष्प शृंगार के दर्शन करने पहुंचे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और दर्शन व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए।

**अलग-अलग दर्शन व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात**

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सामान्य, शुल्क और वीआईपी दर्शन की अलग-अलग व्यवस्था की गई। कांवड़ यात्रियों के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और पुलिस अधीक्षक आगम जैन सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पूरे नगर में व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। मंदिर और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इस बार दर्शन व्यवस्था में बदलाव करते हुए श्रद्धालुओं को सुखदेव मुनि द्वार से प्रवेश दिया जा रहा है, जबकि पहले प्रवेश के लिए उपयोग होने वाले चांदी गेट को निकासी मार्ग बनाया गया है। श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन लगभग 10 फीट की दूरी से कराए जा रहे हैं।

## Aligarh: युवक की हत्या, आरोपी की तलाश में लगीं तीन टीमें

कोतवाली क्षेत्र के भुजपुरा में रविवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने तीन विशेष टीमें गठित की हैं। क्वार्सी जीवनगढ़ का 35 वर्षीय जावेद कुछ समय से भुजपुरा इलाके में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, जावेद और आरोपी फरदीन की पुरानी जान पहचान थी। रविवार रात दोनों भुजपुरा में एक जगह बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात पर उनमें बहस हुई, जो झगड़े में बदल गई। आरोप है कि फरदीन ने अपनी जेब से चाकू निकालकर जावेद की गर्दन पर कई वार किए। आरोपी फरदीन अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से




फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ जावेद को जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने आपातकालीन विभाग में जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक हेमंत मावी ने बताया कि जावेद के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। इस तहरीर के आधार पर फरदीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी फरदीन को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

## UP: लखीमपुर खीरी में कांवड़ियों पर पथराव,

### एक युवक का सिर फूटा, पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लिया



लखीमपुर खीरी में रविवार देर रात कांवड़ियों के जत्थे पर पथराव हुआ। इसमें एक कांवड़िया घायल हो गया। पुलिस ने आठ-नौ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।लखीमपुर के खीरी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात कांवड़ियों के जत्थे पर अराजकतत्वों ने पथराव कर दिया। इससे सड़क पर अफरा तफरी मच गई। पथराव के दौरान एक कांवड़िया घायल हो गया। उसका सिर फूट गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। पुलिस ने आठ-नौ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने प्रेसनोट जारी करते हुए बताया कि घटना एक मानसिक रूप से बीमार किशोर ने अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक गांव रुखिया से करीब 40-50 कांवड़िये रविवार रात नहर के पास स्थित माता मंदिर से जल भरकर लिलौटी नाथ मंदिर जलाभिषेक करने जा रहे थे। जैसे ही कांवड़ियों का जत्था जुलाहनपुरवा के पास पहुंचा। इसी दौरान अराजकतत्वों ने जत्थे पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से कांवड़ियों में भगदड़ मच गई।

**पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लिया**

बताया जा रहा है कि पथराव में राजापुर निवासी कांवड़िया विकास के सिर में चोट लग गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो कुछ ही देर में सीओ विवेक तिवारी और सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले में आठ-नौ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि पथराव की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। प्रथम दृष्टया घटना एक मानसिक रूप से बीमार नाबालिग लड़के द्वारा की गई। फिर भी पुलिस अन्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई:

## महिलाओं सहित 300 लोग हिरासत में, रात के अंधेरे में गांव पर ड्रोन से निगरानी



यह कार्रवाई साइबर क्राइम से जुड़े मामले को लेकर रात करीब 3 से 4 बजे के बीच हुई। ड्रोन द्वारा पूरे गांव की मूवमेंट ट्रैक की गई। पुलिस और साइबर क्राइम टीमों ने ताबड़तोड़ छापेमारी की।झांसी जिले के थाना कटरा अंतर्गत कंडोर खिरक क्षेत्र में पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई किए जाने की सूचना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने कार्रवाई के दौरान महिलाओं सहित करीब 300 लोगों को हिरासत में लिया है।

सूत्रों के मुताबिक, यह पूरी कार्रवाई साइबर क्राइम से जुड़े मामले को लेकर की गई है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई की निगरानी/लीड आईजी झांसी द्वारा की गई। हालांकि, कार्रवाई को लेकर पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत विवरण सामने आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई रात करीब 3 से 4 बजे के बीच हुई। ड्रोन द्वारा पूरे गांव की मूवमेंट ट्रैक की गई। कटरा क्षेत्र के खिरक कंडोर में पुलिस और साइबर क्राइम टीमों ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान एसपी, एएसपी और सीओ समेत कई थानों की पुलिस तथा साइबर क्राइम टीम के अधिकारी मौजूद रहे।

# Kanwad Yatra 2026:

## सीएम योगी आज आएंगे मेरठ, कांवड़ियों पर करेंगे पुष्प वर्षा; तैयारी पूरी- ये रहेगा कार्यक्रम

CM Yogi Adityanath In Meerut Today: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को करीब 50 मिनट के दौरे पर मेरठ पहुंचेंगे। वह मोदीपुरम स्थित शोभित विश्वविद्यालय के हेलीपैड से कार द्वारा दुल्हैडा चुंगी पहुंचेंगे, जहां हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मेरठ आएंगे। कांवड़ यात्रा के बीच होने वाले मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री करीब 50 मिनट मेरठ में रहेंगे। इस दौरान वह दुल्हैडा चुंगी पहुंचकर हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह करीब 11:35 बजे मोदीपुरम स्थित शोभित विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर उतरेगा। इसके बाद वह कार से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

### शोभित विश्वविद्यालय से कार से पहुंचेंगे दुल्हैडा चुंगी

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 11:45 बजे दुल्हैडा चुंगी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल दुल्हैडा पुलिस चौकी के पास निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री यहां करीब 30 मिनट रहेंगे। इस दौरान वह कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे और शिवभक्तों को संबोधित करेंगे।

### कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का भी लेंगे जायजा

मुख्यमंत्री का दौरा कांवड़ यात्रा के चरम दौर में हो रहा है। ऐसे में दुल्हैडा चुंगी पहुंचने के दौरान वह कांवड़ मार्ग की व्यवस्थाओं, यातायात, सुरक्षा और शिवभक्तों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं।

इसके बाद दोपहर 12:15 बजे मुख्यमंत्री कार से वापस शोभित विश्वविद्यालय के हेलीपैड के लिए रवाना होंगे और करीब 12:20 बजे वहां पहुंचेंगे। 12:25 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट के लिए रवाना होने का कार्यक्रम है।





# Atiq Ahmed Son Death:

## भारी सुरक्षा के बीच प्रयागराज रवाना हुआ अली, भाई अबान के अंतिम संस्कार में होगा शामिल

माफिया अतीक अहमद के छोटे अबान अहमद आज सुपुर्द ए खाक होगा। कड़ी सुरक्षा में झांसी जेल में बंद अबान के बड़े भाई अली अहमद को पुलिस प्रयागराज लेकर जा रही है।झांसी में हुए हादसे में माफिया अतीक अहमद के छोटे अबान अहमद की मौत हो गई। अबान के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए झांसी जेल में बंद अली अहमद शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रयागराज के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस की कई गाड़ियों के साथ उसे झांसी जेल से बाहर निकाला गया। अली की सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार देर रात जेल प्रशासन को आदेश प्राप्त हुआ था। इसके बाद शनिवार सुबह अली को प्रयागराज ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। वरिष्ठ जिला जेल अधीक्षक विनोद कुमार के मुताबिक, कोर्ट के आदेश के आधार पर अली को प्रयागराज ले जाया जा रहा है।माफिया अतीक अहमद के छोटे अबान अहमद आज सुपुर्द ए खाक होगा। कड़ी सुरक्षा में झांसी जेल में बंद अबान के बड़े भाई अली अहमद को पुलिस प्रयागराज लेकर जा रही है।झांसी में हुए हादसे में माफिया अतीक अहमद के छोटे अबान अहमद की मौत हो गई। अबान के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए झांसी जेल में बंद अली अहमद शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रयागराज के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस की कई गाड़ियों के साथ उसे झांसी जेल से बाहर निकाला गया। अली की सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार देर रात जेल प्रशासन को आदेश प्राप्त हुआ था। इसके बाद शनिवार सुबह अली को प्रयागराज ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। वरिष्ठ जिला जेल अधीक्षक विनोद कुमार के मुताबिक, कोर्ट के आदेश के आधार पर अली को प्रयागराज ले जाया जा रहा है।माफिया अतीक अहमद के छोटे अबान अहमद आज सुपुर्द ए खाक होगा। कड़ी सुरक्षा में झांसी जेल में बंद अबान के बड़े भाईहै।



### अतीक के बेटों को मिली पैरोल, भाई के अंतिम संस्कार में हो सकेंगे शामिल

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली को भाई अबान अहमद के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कस्टडी पैरोल पर ले जाने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को सगे भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

अली के छोटे भाई अबान अहमद की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद अली को अंतिम संस्कार में शामिल कराने के लिए हाईकोर्ट से अनुमति मांगी गई थी। अनुमति मिलने के बाद शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे उसे कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज रवाना किया गया।

# Today Weather: देश के कई हिस्सों में आज भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार को भी देश के कई राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। दिल्ली में शुक्रवार को जमकर बादल बरसें और आज भी दिल्ली में बारिश हो सकती है। आइए जानते हैं कि आज पूरे देश में कैसा रहेगा आज मौसम का हाल शनिवार को भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी, पूर्वोत्तर, पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। शुक्रवार रात जारी आईएमडी के अनुमान के अनुसार, कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे जलभराव, बाढ़ और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं वाले इलाकों में सावधानी बरतें।



### दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर भारत में बारिश के आसार

उत्तरी भारत में, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मध्यम से लेकर भारी बारिश होने की उम्मीद है, जबकि शनिवार को हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी तेज बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगहों पर भारी बारिश का अनुमान है, जबकि पूर्वी राजस्थान में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी भारत में, ओडिशा, गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में व्यापक बारिश की उम्मीद है। ओडिशा के लिए 8 अगस्त को बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि बिहार में भी व्यापक बारिश जारी रहने की संभावना है। पूर्वोत्तर में भी मौसम खराब रहने की उम्मीद है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और

### दक्षिण में भी आज जमकर बरसेंगे बादल

दक्षिणी और प्रायद्वीपीय भारत में भी अच्छी-खासी बारिश होने की उम्मीद है। आईएमडी ने 8 अगस्त को तटीय कर्नाटक और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश का अनुमान लगाया है, साथ ही कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश भी हो सकती है। कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। आईएमडी ने खराब मौसम के कारण मछुआरों को ओमान, कर्नाटक और केरल के तटों सहित समुद्र के कई इलाकों में न जाने की चेतावनी भी दी है।

### शुक्रवार की बारिश में दिल्ली हुई बेहाल

इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया, ट्रैफिक बाधित हुआ और पूरे क्षेत्र में कई आपातकालीन घटनाएं हुईं। दक्षिण दिल्ली की एमबी रोड पर सबसे ज्यादा जलभराव देखा गया, खासकर एयरफोर्स स्टेशन के पास, जहां पानी का स्तर कथित तौर पर लगभग चार फीट तक पहुंच गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं और ट्रैफिक बुरी तरह बाधित हुआ। खबरों के मुताबिक, पानी से भरे रास्तों पर जाने के बाद कई मोटरसाइकिलें और ऑटो-रिक्शा बंद हो गए, जबकि कुछ जलमग्न इलाकों में आवाजाही में मदद के लिए एयरफोर्स के ट्रकों का इस्तेमाल किया गया।आईटीओ, पटेल रोड, रोहतक रोड, वजीराबाद रोड, कीर्ति नगर, शाहीन बाग, दिल्ली-जयपुर हाईवे और बदरपुर बॉर्डर मेट्रो स्टेशन के आस-पास के इलाकों समेत कई मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक धीमा रहा। पानी से भरे सबवे और डूबी हुई सड़कों ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

# पति-पत्नी की लड़ाई में पिस रहा बचपन:

## कहीं 14 साल का रिश्ता टूटा, तो कहीं महिला की दूसरी शादी भी न चली

गाजियाबाद में महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र तक कई ऐसे मामले पहुंच रहे हैं।आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में पारिवारिक विवाद की 1219 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जबकि वर्ष 2026 की समान अवधि में यह संख्या 26.5 प्रतिशत बढ़कर 1542 हो गई। वर्ष 2026 में आए मामलों में से 1204 मामलों में बच्चे भी सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। पति-पत्नी के बीच रिश्तों में खटास केवल दो लोगों तक सीमित नहीं रहती। इसका सबसे गहरा असर उन बच्चों पर पड़ रहा है, जिनकी दुनिया माता-पिता के ईर्द-गिर्द बसती है। परिवार टूटने के बाद उनके सामने सबसे बड़ा सवाल होता है कि वे किसके साथ रहेंगे। कोई मां की ममता से दूर हो जाता है तो किसी के सिर से पिता का साया छूट जाता है। कई बच्चों को माता-पिता के पुनर्विवाह के बाद नए रिश्तों और बदले हुए पारिवारिक माहौल में खुद को ढालने की चुनौती का सामना करना पड़ता है।



गाजियाबाद में महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र तक पहुंच रहे मामलों में भी यह साफ दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में पारिवारिक विवाद की 1219 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जबकि वर्ष 2026 की समान अवधि में यह संख्या 26.5 प्रतिशत बढ़कर 1542 हो गई।परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी पुष्पा सिंह के अनुसार, वर्ष 2026 में आए मामलों में से 1204 मामलों में बच्चे भी सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। कई बच्चे माता-पिता के अलगाव, लंबे समय से चले आ रहे विवाद या पुनर्विवाह के कारण मानसिक असुरक्षा और भावनात्मक तनाव से गुजर रहे हैं। हर परिवार की कहानी अलग है, लेकिन बच्चों की पीड़ा लगभग एक जैसी।

### 14 साल का रिश्ता टूटा, बिखरा परिवार

नंदग्राम थाना क्षेत्र के एक मामले में 14 वर्ष पुराने वैवाहिक संबंध टूटने की नौबत आ गई। महिला ने पति पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग के दौरान सामने आया कि वह पिछले दो महीने से पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ रह रही थी और पति से तलाक लेकर उससे विवाह करना चाहती थी। इस बीच 11 वर्षीय बेटा और नौ वर्षीय बेटी पिता के साथ रहने लगे। पति-पत्नी अपने-अपने फैसले पर कायम रहे और परिवार बिखरता रह गया।

# हिमाचल में बड़ा हादसा:

## चंबा के तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर यात्रियों से भरी बस पलटी, सात लोगों की मौत,11 घायल

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। चालुज मोड़ पर यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सात की मौत हो गई। 11 लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि बस में 18 यात्री थे। हिमाचल के चंबा जिले में शनिवार सुबह एक बड़ा बस हादसा हुआ। तीसा-बैरागढ़ मार्ग पर चालुज मोड़ के पास यात्रियों से भरी शर्मा बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में सात लोगों की जान चली गई, जबकि 11 अन्य यात्री घायल हुए हैं।घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया। बैरागढ़ से चंबा की ओर जा रही



यह निजी बस हादसे का शिकार हुई। जानकारी के अनुसार, बस में करीब 20 से 25 सवारियां मौजूद थीं।पुलिस अधीक्षक चंबा विजय सकलानी ने बस दुर्घटना की सूचना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने की तैयारी चल रही है।

# अमेरिका में गोलीबारी की वारदातों से दहशत: शिकागो में तीन लोगों की मौत,

इस रिपोर्ट में पढ़िए अमेरिका के शिकागो में सप्ताहांत के दौरान हुई गोलीबारी की घटनाओं में कितने लोगों की जान गई और कितने घायल हुए, नॉर्थ कैरोलिना में एक ही परिवार को निशाना बनाने वाली सामूहिक गोलीबारी में क्या हुआ, पुलिस जांच कहां तक पहुंची है। अमेरिका के शिकागो में सप्ताहांत में हुई कई गोलीबारी की घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई। सीबीएस शिकागो की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार सुबह 8:22 बजे तक शहर में कुल आठ गोलीबारी की घटनाएं हुईं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इन घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई और नौ अन्य घायल हुए। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई गई है। इसके अलावा, शनिवार सुबह एक 35 वर्षीय व्यक्ति के सिर में गोली लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत कैसे हुई?**

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कैसवेल काउंटी के शेरिफ टोनी डर्डन ने बताया कि एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई, जिनमें कथित हमलावर भी शामिल था। परिवार के एक अन्य सदस्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**अब तक किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं?**

रिपोर्ट के अनुसार, इन गोलीबारी की घटनाओं में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, 7 अप्रैल तक समाप्त हुए 12 महीनों के दौरान शिकागो में बंदूक हिंसा के 1,878 पीड़ित दर्ज किए गए, जिनमें से 356 लोगों की मौत हो गई।

**नॉर्थ कैरोलिना में क्या हुआ?**

इससे पहले, अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के कैसवेल काउंटी में एक ग्रामीण इलाके में स्थित घर में सामूहिक गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी नॉर्थ कैरोलिना राज्य जांच ब्यूरो ने दी। पुलिस को बुधवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) 8 बजे से ठीक पहले घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कई लोगों को गोली लगने की हालत में पाया। नॉर्थ कैरोलिना राज्य जांच ब्यूरो ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि गोली लगने से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि कई अन्य लोगों की मौत हो चुकी थी। अमेरिका कई दशकों से बंदूक हिंसा की समस्या से जूझ रहा है और हर साल वहां सैकड़ों सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं दर्ज की जाती हैं। इससे पहले दो अगस्त को अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड शहर के एक मोहल्ले में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और पांच अन्य लोग घायल हो गए थे।

## मस्क मालामाल पर दुनिया तंगहाल: ऑक्सफैम के अनुसार 1% अमीरों की संपत्ति 34 लाख करोड़ डॉलर बढ़ी




एलन मस्क की संपत्ति 1.11 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने के बीच दुनिया में आर्थिक असमानता का फासला भी बढ़ता जा रहा है। ऑक्सफैम के मुताबिक 2015 से 2025 के बीच दुनिया के सबसे अमीर 1% लोगों की संपत्ति 34 लाख करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ी, लेकिन अत्यधिक गरीब लोगों की संख्या अपेक्षित गति से नहीं घटी। फोर्ब्स के अनुसार जनवरी 2020 में मस्क की संपत्ति करीब 28 अरब डॉलर थी और वह दुनिया के 35वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। इसके बाद उनकी संपत्ति में अभूतपूर्व तेजी आई और यह 1.11 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई।ऑक्सफैम का कहना है कि मस्क की अकेले की संपत्ति दुनिया की सबसे गरीब 46 प्रतिशत आबादी यानी करीब 3.8 अरब लोगों की कुल संपत्ति से भी अधिक है। 2025 में दुनिया में अरबपतियों की संख्या भी 3,000 के पार पहुंच गई।दूसरी तरफ गरीबी और सार्वजनिक सेवाओं का संकट बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन यानी यूएनसीटीएडी के अनुसार दुनिया में 3.4 अरब लोग ऐसे देशों में रहते हैं, जहां सरकारें स्वास्थ्य व शिक्षा पर जितना खर्च करती हैं, उससे अधिक कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च करती हैं।अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 1990 के बाद भी अपेक्षित गति से नहीं घटी है। यह स्थिति उस धारणा पर सवाल खड़ा करती है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ समय के साथ समाज के सभी वर्गों तक स्वतः पहुंच जाएगा।

## Indian Student Arrested: जर्मनी में भारतीय छात्र गिरफ्तार अमेरिका के एरिजोना में प्रेमिका की हत्या का आरोप

अमेरिका के एरिजोना में अपनी प्रेमिका जुलिसा रूबी सालाजार की हत्या के आरोपी 20 वर्षीय भारतीय छात्र वरुण बाचिगरी को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद वह भारत भागने की कोशिश कर रहा था। उस पर हत्या और अपहरण के आरोप हैं, आरोपी को अब एरिजोना प्रत्यर्पित किया जाएगा।अमेरिका के एरिजोना में अपनी प्रेमिका की हत्या के आरोपी भारतीय छात्र को जर्मनी में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हत्या के बाद अमेरिका से भारत भागने की कोशिश कर रहा था। वह जर्मनी पहुंचा, लेकिन वहां से आगे की उड़ान लेने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 20 वर्षीय वरुण बाचिगरी एरिजोना विश्वविद्यालय में बिजनेस एनालिटिक्स का छात्र था। उस पर 19 वर्षीय जुलिसा रूबी सालाजार की हत्या का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त को टक्सन स्थित एक अपार्टमेंट में सालाजार की हत्या की गई थी।



**हत्या के बाद भारत भागने की कोशिश**

टक्सन पुलिस विभाग के अनुसार, हत्या के बाद बाचिगरी टक्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। उसने जर्मनी की उड़ान पकड़ी थी और वहां से भारत जाने की योजना थी। इसी बीच जांचकर्ताओं ने उसके खिलाफ पहले दर्जे की हत्या और अपहरण के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। टक्सन पुलिस, एफबीआई के टक्सन कार्यालय और बर्लिन स्थित एफबीआई लीगल अटैचे कार्यालय के बीच समन्वय के बाद जर्मनी में उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, जर्मनी पहुंचते ही बाचिगरी को हिरासत में ले लिया गया और वह आगे भारत के लिए यात्रा नहीं कर सका। जांच में पुलिस को पता चला कि हत्या के बाद आरोपी ने कथित तौर पर सालाजार का मोबाइल फोन और क्रेडिट कार्ड अपने पास रख लिए थे। इसके बाद उसने सालाजार की मां को कई मैसेज भेजे। पुलिस का आरोप है कि उसने सालाजार बनकर ये संदेश भेजे, ताकि परिवार को लगे कि वह जीवित है और हत्या की जानकारी छिपाई जा सके। इन संदेशों से सालाजार के परिवार को संदेह हुआ। परिवार की चिंता के बाद पुलिस ने उसके अपार्टमेंट में जाकर हालचाल जानने के लिए जांच की। वहां अधिकारियों को सालाजार का शव मिला।स्थानीय मीडिया के अनुसार, 6 अगस्त की शाम करीब चार बजे टक्सन फायर डिपार्टमेंट को अपार्टमेंट में कार्डियक अरेस्ट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने सालाजार को फर्श पर मृत पाया। उसके शरीर पर एक कंबल गर्दन तक खींचा हुआ था। फायर विभाग के कर्मचारियों ने उसके गले पर गला दबाने के निशान और खरोंचें देखीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की हत्या के रूप में जांच शुरू की।



## Iran School Attack Aftermath: अमेरिकी हमले में मिनाब के स्कूल में मारे गए थे 120 बच्चे, शिक्षिका का दर्द छलका




**मुझे लगा सब निकल गए...पर वो तो मलबे में दफन हो गए थे**

अमाइनेह नदीमी इस स्कूल में छह साल तक पहली कक्षा के बच्चों को पढ़ाया करती थीं। अमाइनेह ने बताया कि हमले के बाद उन्होंने अपने माता-पिता को नंगे पांव इमारत की तरफ दौड़ते देखा। वह बताती हैं, एकबारगी तो मुझे यही लगा कि हर कोई बाहर निकल गया है। लेकिन बाद में समझ आया कि वे सब मलबे के नीचे थे।

**बच्चों की छोटी-छोटी कब्रें देती हैं दर्द**

मिनाब के कब्रिस्तान का नजारा भावुक कर देने वाला है। हमले में मारे गए बच्चों की छोटी-छोटी कब्रों की पंक्तियों के बीच से गुजरते लोगों के चेहरे पर जंग का दर्द उभर आता है। मासूमेह मेहरान शेखबादी लगभग हर दिन यहां आती हैं। उनकी नौ साल की बेटी, सतायेश, इस हमले में मारी गई थी। वह कहती हैं, जब मैं पहुंची तो वहां केवल धुआं और बच्चों के बुरी तरह जले होने के कारण एक अजीब-सी गंध आ रही थी। मैंने मैंने एक हाथ देखा। थोड़ी दूर एक पैर देखा। मासूम बच्चों के चीथड़े उड़ गए थे।

आप अब इसे स्कूल नहीं कह सकते। यहां अब सिर्फ ऐसी दीवारें हैं, जहां मौत का सन्नाटा गूंजता है और खून की गंध आती है। यह बात ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में करीब पांच माह पहले अमेरिकी हमले में तबाह हुए स्कूल की शिक्षिका अमाइनेह नदीमी ने कही। उस दिन की घटना बयां करते समय उनके चेहरे पर पीड़ा साफ झलकती है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जंग के पहले दिन शजरेह तय्यबेह प्राथमिक स्कूल अमेरिकी टोमाहाक मिसाइल का निशाना बना था। तबाही के निशान आज भी ताजा हैं, स्कूल की जगह मलबे का ढेर नजर आता है। इस हमले में 120 बच्चों समेत 156 बेकसूर लोग मारे गए थे। इस घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया था।द गार्जियन ने अपनी एक विशेष रिपोर्ट ने जंग के बाद बदले ईरान के हालात के बारे में बताया। मिनाब में तबाही के इस मंजर के बीच जब राहत कर्मी मलबे को हटा रहे थे, तो उन्हें कंक्रीट के टुकड़ों के बीच आठ साल की माह्या सलारी की एक कॉपी मिली, जिसके पन्ने अभी भी सुरक्षित थे। माह्या अपने छोटे भाई अली के साथ स्कूल में थी और हमले से ठीक पहले उनकी मां उन्हें लेने आई थीं। इस हमले में तीनों की मौत हो गई थी। शहर की दीवारों और दुकानों पर अब मृत बच्चों की बड़ी-बड़ी तस्वीरें लगी हैं, जो नागरिकों की पीड़ा का प्रतीक बन चुकी हैं।







## US: कैलिफोर्निया में कंटेंट क्रिएटर्स पर क्यों बढ़ी सख्ती? पैसे लेकर सियासी पोस्ट करने पर लग सकता है जुर्माना



**आज की रिपोर्ट में जानें कि कैलिफोर्निया में राजनीतिक पोस्ट के लिए पैसे लेने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स पर जुर्माना क्यों लगाया जा सकता है, चुनावी अभियान छोटे क्रिएटर्स के जरिये मतदाताओं तक कैसे पहुंच रहे हैं, अमेरिका में इसे लेकर क्या नियम हैं और नए प्रस्ताव पर क्रिएटर्स की क्या राय है। कैलिफोर्निया में गवर्नर पद के लिए प्राथमिक चुनाव के लिए मतदान खत्म होने में कुछ हफ्ते बाकी हैं। इसी बीच, लॉस एंजिलिस के रहने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर शाका स्मिथ ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। उनके सात लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उन्होंने बताया कि वह किसे वोट देंगे और क्यों।**

चुनावी अभियान लंबे समय से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए मशहूर हस्तियों और बड़े इन्फ्लुएंसर्स के साथ काम करते रहे हैं। लेकिन अब वे छोटे क्रिएटर्स के साथ भी अपने साथ जोड़ रहे हैं। इनमें कभी-कभी 1 लाख से भी कम फॉलोअर्स वाले क्रिएटर्स शामिल होते हैं।

**मध्यावधि और राष्ट्रपति चुनावों में होगी कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका**

इससे इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि राजनीतिक विज्ञापनों से जुड़े खुलासे के नियम कंटेंट क्रिएटर्स पर भी लागू होने चाहिए या नहीं। माना जा रहा है कि आने वाले मध्यावधि चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में इन क्रिएटर्स की बड़ी भूमिका हो सकती है।

**डेमोक्रेटिक रणनीतिकार माइक नेलिस ने क्या कहा?**

डेमोक्रेटिक रणनीतिकार माइक नेलिस ने कहा, अगर आप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और अभी इन लोगों का समर्थन हासिल करने या अपने लिए ऐसे लोगों को तैयार करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, जो आपकी ओर से बात कर सकें, तो आप पहले ही पीछे हैं। नेलिस ने कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए काम किया था। चुनावी अभियान अपना संदेश फैलाने के लिए क्रिएटर्स की मदद ले रहे हैं। कंटेंट क्रिएटर्स से जुड़ी पारदर्शिता को लेकर सवाल ऐसे कई चर्चित मामलों के बाद बढ़े हैं, जिनमें इन्फ्लुएंसर्स ने लोगों की राय या वोट बदलने के उद्देश्य से कंटेंट बनाया, लेकिन यह नहीं बताया कि उन्हें इसके लिए पैसे दिए गए थे।

**शाका स्मिथ ने क्या कहा?**

शाका स्मिथ ने कहा, स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च इतना नहीं होना चाहिए कि आपका दिवाला निकल जाए। घर खरीदना इतना मुश्किल नहीं होना चाहिए। प्रदूषण फैलाने वालों का खर्च हमें नहीं उठाना चाहिए और कलाकारों की जगह एआई को नहीं लेना चाहिए। इसलिए मैं गवर्नर पद के लिए टॉम स्टेयर का समर्थन कर रहा हूं। लेकिन स्मिथ ने वीडियो की शुरुआत एक अस्वीकारीकरण (डिस्क्लेमर) से की। उन्होंने कहा, 'यह एक विज्ञापन है और सच कहूं तो मेरी इच्छा है कि ज्यादा राजनीतिक कंटेंट में यह बात शुरुआत में ही कही जाए।' उनके पोस्ट के कैप्शन में यह भी साफ लिखा था कि उन्हें स्टेयर के चुनाव अभियान ने पैसे दिए थे।

**जानकारी न देने पर लग सकता है जुर्माना?**

कैलिफोर्निया और टेक्सस उन दो राज्यों में शामिल हैं, जहां ऐसे नियम हैं जिनके तहत कंटेंट क्रिएटर्स को बताना जरूरी है कि उन्हें किसी राजनीतिक अभियान ने पोस्ट करने के लिए पैसे दिए हैं। अब कैलिफोर्निया ऐसे मामलों में और सख्ती करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत पैसे मिलने की जानकारी नहीं देने वाले क्रिएटर्स पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

# मस्क मालामाल पर दुनिया तंगहाल: ऑक्सफैम के अनुसार 1% अमीरों की संपत्ति 34 लाख करोड़ डॉलर बढ़ी




एलन मस्क की संपत्ति 1.11 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने के बीच दुनिया में आर्थिक असमानता का फासला भी बढ़ता जा रहा है। ऑक्सफैम के मुताबिक 2015 से 2025 के बीच दुनिया के सबसे अमीर 1% लोगों की संपत्ति 34 लाख करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ी, लेकिन अत्यधिक गरीब लोगों की संख्या अपेक्षित गति से नहीं घटी। इसी अंतर के बीच अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञों ने द रोडमैप फॉर इरैडिकेटिंग पॉवर्टी बियॉन्ड ग्रोथ तैयार कर मौजूदा विकास मॉडल पर सवाल उठाया है। फोर्ब्स के अनुसार जनवरी 2020 में मस्क की संपत्ति करीब 28 अरब डॉलर थी और वह दुनिया के 35वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। इसके बाद उनकी संपत्ति में अभूतपूर्व तेजी आई और यह 1.11 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई।ऑक्सफैम का कहना है कि मस्क की अकेले की संपत्ति दुनिया की सबसे गरीब 46 प्रतिशत आबादी यानी करीब 3.8 अरब लोगों की कुल संपत्ति से भी अधिक है।

दूसरी तरफ गरीबी और सार्वजनिक सेवाओं का संकट बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन यानी यूएनसीटीएडी के अनुसार दुनिया में 3.4 अरब लोग ऐसे देशों में रहते हैं, जहां सरकारें स्वास्थ्य व शिक्षा पर जितना खर्च करती हैं, उससे अधिक कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च करती हैं। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 1990 के बाद भी अपेक्षित गति से नहीं घटी है। यह स्थिति उस धारणा पर सवाल खड़ा करती है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ समय के साथ समाज के सभी वर्गों तक स्वतः पहुंच जाएगा।

# अपना क्रेडिट कार्ड लाइफटाइम फ्री बनाएं: हर साल लगने वाले वार्षिक शुल्क से मुक्ति, क्या है सबसे कारगर तरीका?




क्रेडिट कार्ड पर हर साल लगने वाले वार्षिक शुल्क से हर कोई बचना चाहता है। कई बार आपने सुना होगा कि लोग अपने रेगुलर या पेड क्रेडिट कार्ड को लाइफटाइम फ्री कार्ड में बदलवा लेते हैं। लेकिन बैंक यह फैसला कैसे लेते हैं और आप अपना कार्ड लाइफटाइम फ्री कैसे करवा सकते हैं? आइए इसे समझते हैं-

**लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड क्या है?**

लाइफटाइम फ्री कार्ड वह कार्ड है, जिसमें आपसे कभी भी जॉइनिंग फीस या एनुअल रिन्युअल फीस नहीं ली जाती। हालांकि, फ्री शब्द केवल कार्ड रखने के शुल्क पर लागू होता है। यदि आप बिल भुगतान में देरी करते हैं, तो ब्याज, लेट पेमेंट चार्ज और एटीएम कैश विड्रॉल फीस जैसे शुल्क लागू रहते हैं।

**क्या है सबसे कारगर तरीका?**

अगर आपके पास एक अच्छा रीपेमेंट रिकॉर्ड है और आप नियमित रूप से कार्ड का उपयोग करते हैं, तो कार्ड को लाइफ टाइम फ्री कराने की सबसे आसान ट्रिक है, कार्ड कैंसिलेशन/क्लोजर रिक्वेस्ट।इसके अलावा, यदि आप हर साल बैंक द्वारा तय की गई खर्च सीमा को लगातार पूरा करते हैं, तो कई बैंक आपके कार्ड को स्थायी रूप से फ्री कर देते हैं।

**बैंक कब कार्ड को लाइफटाइम फ्री बनाते हैं?**

बैंक क्रेडिट कार्ड को लाइफटाइम फ्री किसी दया या तोहफे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने ग्राहक को रोके रखने के लिए करते हैं। नया ग्राहक बनाने में बैंक को जितना खर्च करना पड़ता है, उसकी तुलना में एक पुराने ग्राहक को रोके रखना काफी सस्ता पड़ता है। बैंकों की कमाई का जरिया सिर्फ वार्षिक शुल्क नहीं होता। वे आपके द्वारा कार्ड स्वाइप करने पर मिलने वाले मर्चेंट डिस्काउंट/इंटरचेंज शुल्क, ईएमआई और ट्रांजेक्शन वॉल्यूम से भी अच्छा राजस्व कमाते हैं। इसलिए यदि आप क्रेडिट कार्ड का नियमित इस्तेमाल करते हैं और समय पर बिल चुकाते हैं, तो बैंक आपका वार्षिक शुल्क माफ करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

# कर्ज का चक्रव्यूह: कहीं आप भी तो नहीं कर रहे इतनी बड़ी गलती? 50 प्रतिशत कमाई EMI में जा रही तो संभल जाइए




**क्या देश में युवाओं के बीच कर्ज का बोझ तेजी से बढ़ा है?**

ट्रांसयूनियन सिबिल की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय रूप से अत्यधिक कर्ज के बोझ तले दबे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2016-17 के 5 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसके बाद यह कुछ घटकर 15 प्रतिशत पर आई है। चिंता की बात यह है कि कर्ज का दबाव 35 साल से कम उम्र के युवाओं में ज्यादा दिखाई देता है। यह आयु वर्ग भारत के कुल क्रेडिट बाजार का करीब 39 प्रतिशत हिस्सा रखता है। यानी युवाओं के बीच कर्ज की उपलब्धता बढ़ी है और उसके साथ खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है। समस्या तब शुरू होती है जब आय बढ़ने से पहले ही खर्च और ईएमआई बढ़ने लगती है। लेकिन अब करीब 38,000 रुपये के औसत स्मार्टफोन और दूसरे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स भी कर्ज लेने की बड़ी वजह बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार जैसे राज्य भी क्रेडिट ग्रोथ के प्रमुख हिस्सेदार बन रहे हैं।

धीरे-धीरे कर्ज के जाल में भी फंसा सकती है। समीर की तरह अगर आपकी आधी से ज्यादा कमाई ईएमआई में जा रही है, बचत खत्म हो गई है और पुराने कर्ज की किस्त चुकाने के लिए नया कर्ज लेना पड़ रहा है, तो क्या आप भी खतरे की स्थिति में पहुंच चुके हैं? आइए, विस्तार से जानते हैं कि सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर विपिन पालीवाल और क्या-क्या बता रहे हैं...30 साल के समीर की कहानी आज के उन युवाओं जैसी है, जो अच्छी नौकरी और नियमित आमदनी के बावजूद धीरे-धीरे कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। समीर की मासिक आय 40,000 रुपये है। पहले उसने 38,000 रुपये का स्मार्टफोन ईएमआई पर लिया। किस्त खत्म हुई तो दोस्तों के साथ घूमने के लिए पर्सनल लोन ले लिया। इसके बाद रोजमर्रा और लाइफस्टाइल के खर्च के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल बढ़ता गया। आज उसकी सैलरी आते ही करीब 30,000 रुपये किस्तों में चले जाते हैं। उसने कभी भुगतान में डिफॉल्ट नहीं किया, इसलिए क्रेडिट स्कोर खराब नहीं हुआ, लेकिन उसके पास महीने के बाकी खर्चों के लिए बहुत कम पैसा बचता है। यही स्थिति धीरे-धीरे कर्ज के ऐसे चक्र में बदल सकती है, जहां पुरानी देनदारी चुकाने के लिए नई देनदारी लेनी पड़ती है।

**किस तरह के कर्ज ने युवाओं पर सबसे ज्यादा दबाव बढ़ाया है?**

इस बदलाव में उपभोग से जुड़े कर्ज की बड़ी भूमिका है। इसमें पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल फाइनेंस शामिल हैं।

# Cyber Crime: निष्क्रिय बैंक खाते क्यों बन रहे साइबर अपराधियों का हथियार, क्या जरा सी लापरवाही भारी पड़ेगी?




साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल अवैध रकम को एक खाते से दूसरे खाते में पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि कई बार खाताधारक को पता ही नहीं होता कि उसके खाते का इस्तेमाल अपराध के लिए हो रहा है। ऐसे में सवाल है कि आपका पुराना या निष्क्रिय बैंक खाता भी ठगों के निशाने पर है या नहीं और इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए? आइए, विस्तार से जानते हैं कि इस मामले में बैंकिंग एक्सपर्ट सतीश सिंह ने और क्या-क्या बताया है...निष्क्रिय खाते का मतलब यह नहीं है

**अगर आपके खाते का इस्तेमाल धोखाधड़ी में हुआ तो क्या होगा?**

सबसे बड़ी परेशानी यह है कि अगर किसी साइबर अपराध की रकम आपके खाते में पहुंचती है तो जांच की शुरुआती कड़ी आपके बैंक खाते तक आ सकती है। भले ही खाताधारक ने खुद कोई अपराध न किया हो, लेकिन खाता उसके नाम पर होने के कारण उससे पूछताछ और जांच हो सकती है। साइबर सेल की कार्रवाई में खाता फ्रीज किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में सामान्य बैंकिंग गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। दिए गए विवरण के अनुसार पैन और आधार से जुड़ी वित्तीय गतिविधियों पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है, जिससे भविष्य में कर्ज या क्रेडिट कार्ड लेने में परेशानी हो सकती है। इसलिए किसी भी व्यक्ति को अपना बैंक खाता, पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, नेट बैंकिंग जानकारी या अन्य बैंकिंग साधन किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए नहीं देना चाहिए। आरबीआई के अनुसार बचत या चालू खाते में ग्राहक की ओर से दो साल से अधिक समय तक कोई लेनदेन नहीं होने पर उसे निष्क्रिय या इनऑपरेटिव माना जाता है। बैंक की ओर से ब्याज जमा होना या सेवा शुल्क काटा जाना ग्राहक की ओर से किया गया लेनदेन नहीं माना जाता।

# सोने की चमक बरकरार




दिल्ली में सोने के दाम लगातार चौथे दिन बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुए। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने सर्राफा मांग बढ़ाई। चांदी स्थिर रही। निवेशक अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।देश की राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सोने के दाम 200 रुपये बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। विदेशी बाजारों में तेज वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में यह उछाल आया है। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने सर्राफा की मांग बढ़ाई है। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है जब पीली धातु की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई है।



स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का दाम 200 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। गुरुवार को इसका बंद भाव 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी का दाम 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहा। पिछले सत्र में चांदी में तेज वृद्धि देखने को मिली थी।लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोने ने लगातार चौथे कारोबारी सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। कीमती धातु जनवरी के बाद से अपने सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने इस वृद्धि का कारण कमजोर डॉलर, घटती महंगाई की उम्मीदें और सर्राफा की लगातार मांग को बताया। यह मांग अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से पहले बनी हुई है। यह रिपोर्ट फेडरल रिजर्व के अगले नीतिगत फैसले को प्रभावित कर सकती है। गर्ग ने यह भी कहा कि निवेशकों की बेहतर होती धारणा के कारण चांदी की कीमतों में भी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 84.74 अमेरिकी डॉलर या 2 फीसदी बढ़कर 4,325.43 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं, चांदी 4 फीसदी से अधिक मजबूत होकर 64.17 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च के सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला ने कहा कि शुक्रवार को विदेशी बाजारों में हाजिर सोना करीब 4,350 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर ऊपर चढ़ा। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक बढ़कर करीब 64 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों धातुएं जनवरी के बाद से अपने सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन की राह पर हैं।

# शहरी सहकारी बैंक: अमित शाह ने दिया बदलाव का मंत्र

## आरबीआई ने भी बढ़ाये हाथ; कैसे मझेगी बैंकिंग की धार




**RBI और सहकारी बैंकों के बीच बदलेगा नजरिया?**

अमित शाह ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और शहरी सहकारी बैंकों के बीच आपसी सोच में बदलाव की जरूरत बताई। उन्होंने अपने पांच साल के अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी सहकारिता क्षेत्र ने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की, आरबीआई ने सहयोग किया। RBI और सहकारी बैंकों के बीच बदलेगा नजरिया?

अमित शाह ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और शहरी सहकारी बैंकों के बीच आपसी सोच में बदलाव की जरूरत बताई। उन्होंने अपने पांच साल के अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी सहकारिता क्षेत्र ने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की, आरबीआई ने सहयोग किया। अमित शाह के मुताबिक, छह लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की जमा राशि वाले इस क्षेत्र के लिए आरबीआई ने एक विशेष नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। वहीं, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से घोषित 'ऑन-टैप' लाइसेंसिंग व्यवस्था से करीब दो दशक से रुका शहरी सहकारी बैंकों का विस्तार फिर शुरू होने की उम्मीद है।

**1,400 में से 690 बैंक एनयूसीएफडीसी से जुड़े**

अमित शाह ने बताया कि देश में करीब 1,400 शहरी सहकारी बैंक हैं। इनमें से 690 बैंक अब तक एनयूसीएफडीसी के सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने बाकी बैंकों से भी एक साल के भीतर इससे जुड़ने की अपील की। उन्होंने एनयूसीएफडीसी से सदस्यता शुल्क कम करने पर भी विचार करने को कहा, ताकि ज्यादा से ज्यादा शहरी सहकारी बैंक इस व्यवस्था का हिस्सा बन सकें।

करीब छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा पूंजी संभालने वाले शहरी सहकारी बैंक अब तकनीक और पारदर्शिता के बल पर आधुनिक रूप ले रहे हैं। आरबीआई के सहयोगात्मक रुख और एनयूसीएफडीसी के संरक्षण से छोटे कारोबारी सशक्त होंगे और आम ग्राहक की आर्थिक समृद्धि का नया रास्ता खुलेगा। अमित शाह ने भी बदलाव का मंत्र दिया है। शहरी सहकारी बैंकों को बदलते बैंकिंग दौर के साथ कदम मिलाने के लिए अब तकनीक, पारदर्शिता और आधुनिक ग्राहक सेवाओं पर तेजी से काम करना होगा।' केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुंबई में नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) के नए कार्यालय के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।अमित शाह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में वही संस्थाएं आगे बढ़ पाएंगी, जो समय के साथ खुद को बदलेंगी। ऐसे में शहरी सहकारी बैंकों के लिए तकनीक और पारदर्शिता अब विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है। अमित शाह ने छोटे कर्जदारों को शहरी सहकारी बैंकों के लिए सुरक्षित ग्राहक बताया। उन्होंने गुजरात के एक बैंक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां बिना गारंटी दिए गए 2.5 लाख रुपये तक के कर्ज की वसूली 99 फीसदी से अधिक रही। एनयूसीएफडीसी अपना मुख्य कार्यालय नई दिल्ली से महाराष्ट्र स्थानांतरित कर रहा है। अमित शाह ने इसे सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# Biz Updates: UP-महाराष्ट्र की कंपनियों से FSSAI लाइसेंस छिने US टैरिफ नीति से भारत में औद्योगिक संगठन चिंतित

केंद्र सरकार ने समुद्री क्षेत्र में डिजिटल बदलाव को गति देने और नाविकों के कल्याण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'ई-समुद्र' नामक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इसकी मदद से नाविकों, शिपिंग कंपनियों, बंदरगाहों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तमाम सेवाएं मिलेंगी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को इस प्लेटफॉर्म का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत की समुद्री विकास रणनीति के केंद्र में नाविक रहेंगे और सरकार उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, हर भारतीय नाविक सुरक्षित, सम्मानित और संरक्षित होना चाहिए। यही हमारी प्राथमिकता है। वाला दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और उन्हें विश्वास है कि आने वाले समय में भारत इस क्षेत्र में दुनिया में पहला स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वर्तमान में विश्व का अग्रणी शिप रीसाइक्लिंग हब है और सरकार देश को दुनिया के शीर्ष पांच जहाज निर्माण देशों में शामिल करने की दिशा में काम कर रही है। गौरतलब है कि ई-समुद्र और अन्य डिजिटल पहलें 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' और 'मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047' के तहत समुद्री क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने की सरकार की रणनीति का हिस्सा हैं।




**अमेरिका के नए टैरिफ बिल से भारत में चिंता: औद्योगिक संगठन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले को लेकर औद्योगिक संगठन ने चिंता जाहिर की है। ईईपीसी इंडिया नाम के इस संगठन ने कहा कि अमेरिकी सीनेट ने प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को रूसी ऊर्जा के शीर्ष आयातकों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। इससे भारत से इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। संगठन के मुताबिक अगर यह कानून बन जाता है तो इसके नतीजे बेहद गंभीर हो सकते हैं। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, यह हमारे लिए वाकई चिंता की बात है, क्योंकि अमेरिका भारतीय इंजीनियरिंग सामानों का टॉप मार्केट है। बिल को अभी लेजिस्लेटिव प्रोसेस पूरा करना बाकी है लेकिन यह हमारे लिए सच में चिंता की बात है। चड्ढा ने कहा, लिंड्से ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम का यह बिल, अगर अमेरिकी कांग्रेस से मंजूर हो जाता है और कानून बन जाता है, तो इंडियन गुड्स एक्सपोर्ट पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी इसके किसी भी संभावित असर पर बात करना जल्दबाजी होगी।

# बिहार ने लूटा सुनील शेट्टी का दिल पटना पहुंचकर बोले- हम अगली फिल्म की शूटिंग के लिए यहां लोकेशन तलाश रहे



Suniel Shetty: अभिनेता सुनील शेट्टी अपनी अगली फिल्म की शूटिंग बिहार में करने की तैयारी कर रहे हैं। वे वहां अच्छी लोकेशन की तलाश में हैं। एक्टर-प्रोड्यूसर सुनील शेट्टी अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में व्यस्त हैं। वे फिलहाल शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि शूटिंग के मामले में बिहार ने उनका दिल जीता है और वे इसी राज्य में अगली फिल्म शूट करने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेता राजधानी पटना पहुंचे। सुनील शेट्टी बीते दिन पटना पहुंचे। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि वे अगली फिल्म शूट करने के लिए यहां लोकेशन तलाशने आए हैं। सुनील शेट्टी ने कहा, 'हम बिहार, खासकर पटना में शूटिंग का इंतजाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हम कल (सोमवार को) लोकेशन देखने जाएंगे। इसी वजह से यह ट्रिप हो रही है'। सुनील शेट्टी ने आगे बताया कि वे चार महीने पहले भी यहां आए थे और उन्हें काफी अच्छा लगा, इसलिए शूटिंग की तैयारी की। सुनील शेट्टी ने कहा, 'मैं चार महीने पहले भी यहां आया था और तब भी यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत अच्छा था। इसमें लगातार सुधार हो रहा है। इस यात्रा का मकसद यहां एक फिल्म की शूटिंग करना है'। सुनील शेट्टी से जब पूछा गया कि क्या वे लिट्टी-चोखा का जायका लेंगे, इस पर एक्टर ने कहा, 'बिल्कुल खाएंगे'। सुनील शेट्टी ने हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया कि वे किस फिल्म की शूटिंग करने वाले हैं। फिल्म किस विषय पर होगी और कब तक आएगी? देखना दिलचस्प होगा कि एक्टर कब इसका आधिकारिक एलान करते हैं

# CINTAA में बवाल! 11 सदस्यों ने दिया इस्तीफा

## उपासना सिंह ने दी जानकारी पद्मिनी और पूनम पर लगे गंभीर आरोप



CINTAA: सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (CINTAA) में इन दिनों बड़ा विवाद सामने आया है। जानिए क्या है पूरा मामला। सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी रहीं उपासना सिंह ने जानकारी दी है कि कुल 11 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है, जिनमें से 8 चुने हुए सदस्य थे।

**पद्मिनी और पूनम पर गंभीर आरोप**

उपासना सिंह के अनुसार, सभी सदस्यों ने अपने इस्तीफे उन्हें सौंपे और इसके पीछे कई गंभीर वजहें बताईं। उन्होंने आरोप लगाया कि संस्था में पदों का गलत इस्तेमाल हो रहा है। खासतौर पर पद्मिनी कोल्हापुरे और पूनम ढिल्लों पर आरोप है कि वे किसी की बात नहीं सुनतीं और मनमाने तरीके से फैसले लेती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिना किसी ठोस कारण के शो-कॉज नोटिस भेजे जाते हैं कलाकारों की भूमिकाएं बदल दी जाती हैं और कई बार उनकी सदस्यता भी अचानक रद्द कर दी जाती है। इन सब कारणों से कई सदस्य मानसिक रूप से परेशान थे। CINTAA के नियमों के मुताबिक, अगर आधे या उससे ज्यादा सदस्य इस्तीफा दे देते हैं तो कमेटी अपने आप भंग हो जाती है इसके बाद फिर से चुनाव कराने पड़ते हैं। 11 सदस्यों के इस्तीफा देने के बाद अब ऐसी ही स्थिति बन गई है। उपासना सिंह ने मांग की है कि आने वाले चुनावों की निगरानी रजिस्ट्रार के जरिए कराई जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया सही और पारदर्शितारीके से हो सके। इस्तीफा देने वाले सदस्यों ने एक साझा पत्र में आरोप लगाया है कि CINTAA का कामकाज अब सामूहिक निर्णयों और संवैधानिक नियमों के दायरे में नहीं चल रहा है। आरोप है कि सारे फैसले सेंट्रलाइज्ड तरीके से प्रेसिडेंट पूनम ढिल्लों और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पद्मिनी कोल्हापुरे द्वारा लिए जा रहे हैं।

CINTAA के नियमों के मुताबिक, यदि आधे या उससे अधिक सदस्य इस्तीफा दे देते हैं तो कार्यकारी समिति स्वतः भंग मानी जाती है और दोबारा चुनाव कराने पड़ते हैं। इस स्थिति के बाद उपासना सिंह ने मांग की है

# वो मुझे गालियां देती हैं और मैं सह लेता हूं

## सुनीता आहूजा के आरोपों पर गोविंदा ने दिया जवाब





Govinda on Sunita Ahuja: बॉलीवुड एक्टर गोविंदा ने हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता आहूजा द्वारा लगाए गए बेवफाई के आरोपों पर रिएक्शन दिया है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। गोविंदा की पत्नी सुनीता कई बार सार्वजनिक रूप से गोविंदा पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स के आरोप लगा चुकी है। हाल ही में उन्होंने शो 'लॉकअप 2' में भी इस बारे में बात की थी। अब गोविंदा ने इन सभी बातों पर खुलकर चर्चा की है। एएनआई से बातचीत में गोविंदा ने इन आरोपों को खारिज किया, लेकिन साथ ही सुनीता की भूमिका को भी सराहा। उन्होंने कहा, 'वो मुझे बड़े प्यार से गालियां देती हैं और मैं भी उसे सह लेता हूं। मेरा मानना है कि हम जहां भी हैं, जो भी बने हैं, उसमें उनका बड़ा योगदान है। अगर वो नहीं होतीं तो हम यहां तक नहीं पहुंच पाते।

**सुनीता कई बार कर चुकी हैं अफेयर्स की बात**

बता दें कि 'लॉकअप 2' में सुनीता आहूजा ने गोविंदा के अफेयर्स को लेकर खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'प्यार में सब कुछ सहना पड़ता है। ची ची के जिंदगी में कई अफेयर्स रहे हैं, हीरो-हीरोइन के साथ ऐसा होता है। मैंने इतने साल उनका साथ दिया है, तो मुझे भी एक बेटा मिलने का हक है।'

- गोविंदा और सुनीता आहूजा की शादी 1987 में हुई थी।
- उस समय गोविंदा एक बड़े स्टार बन चुके थे।
- दोनों ने अपनी शादी को करीब दो साल तक छुपाकर रखा था और बेटी टीना आहूजा के जन्म के बाद इसे सार्वजनिक किया।
- बाद में उनके बेटे यशवर्धन आहूजा का जन्म हुआ।

# अब ये पार्टी मोड में है 'मिर्जापुर द मूवी' को लेकर



Mirzapur The Movie: 'मिर्जापुर: द फिल्म' सितंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु एक बार फिर अपने पुराने किरदारों में नजर आएंगे। जानिए फिल्म को लेकर पंकज त्रिपाठी का क्या कहना है। भारतीय सिनेमा में ऐसा बहुत कम हुआ है कि कोई OTT शो सीधे बड़े पर्दे पर फिल्म बनकर आए। लेकिन 'मिर्जापुर' की जबरदस्त पॉपुलैरिटी की वजह से अब इसकी कहानी थिएटर तक पहुंच रही है। तीन सीजन के बाद यह शो अब फिल्म के रूप में दर्शकों के सामने आने वाला है। अब फिल्म को लेकर एक्टर पंकज त्रिपाठी ने खुलकर बात की है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'OTT पर आप इसे मोबाइल या टीवी पर देखते थे, लेकिन अब यह 25-28 फीट के बड़े पर्दे पर दिखेगी। पहले लोग इसे अकेले देखते थे, अब सब मिलकर थिएटर में देखेंगे।' पंकज का मानना है कि जब कोई चीज साथ में बैठकर देखी जाती है, तो उसका मजा और असर दोनों बढ़ जाते हैं। 'पहले मिर्जापुर 'लीव मी अलोन' वाला शो था, लेकिन अब यह 'पार्टी मोड' में है। कहानी नई है, लेकिन दुनिया और किरदार वही हैं- बस अनुभव और बड़ा हो गया है।'

# गौहर खान-जैद दरबार से लेकर कुशल टंडन तक



Mini Mathur's success party: मिनी माथुर की सक्सेस पार्टी एक शानदार इवेंट बन गई। फिनाले के बाद कंटेस्टेंट्स अपने पार्टनर्स से दोबारा मिले। यह सेलिब्रेशन मजेदार पलों से भरा रहा। शो 'अलायंस' के विनर के ऐलान के बाद, 6 अगस्त 2026 को मिनी माथुर की पार्टी हुई। कई कंटेस्टेंट अपने पार्टनर के साथ शानदार अंदाज में पार्टी में पहुंचे। कुशल टंडन ने सोशल मीडिया पर कई फोटो और वीडियो शेयर किए, जिससे फैंस को सितारों से भरी इस शाम की झलक मिली।

**स्टाइलिश लुक दिखीं मिनी**

कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक में, मिनी माथुर पीले टॉप और काली पैंट पहने नजर आईं। वहीं, उनके पति कबीर खान काली टी-शर्ट पहने दिखे।

**जैद दरबार गौहर खान के साथ पहुंचे**

जैद दरबार अपनी पत्नी गौहर खान के साथ मिनी माथुर की सक्सेस पार्टी में पहुंचे। जैद नेवी ब्लू सूट और सफेद टी-शर्ट में बहुत हैंडसम लग रहे थे, जबकि गौहर ने गहरे हरे रंग की ड्रेस पहनकर उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट किया।

**कुशल टंडन आए नजर**

जब कुशल टंडन मिनी की सक्सेस पार्टी में पहुंचे, तो वे पैपराजी के लिए पोज देने के लिए रुके। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके पास अपने फैंस के लिए कोई मैसेज है, तो कुशल ने कहा, 'आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद।' नीति टेलर ने सक्सेस पार्टी में एक बार फिर अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने काली बेल-बॉटम पैंट के साथ सफेद क्रॉप टॉप पहना

# क्या सलमान खान और नयनतारा के साथ नजर आएंगे जैकी श्रॉफ?



Jackie Shroff In SVC63: सलमान खान और नयनतारा की अपकमिंग फिल्म 'SVC63' से जैकी श्रॉफ जुड़ गए हैं। खबरें हैं कि जैकी श्रॉफ ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशक वामशी पैदिपल्ली के साथ सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'SVC63' की चर्चा बढ़ती जा रही है। एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि बॉलीवुड का एक और मशहूर चेहरा इस फिल्म से जुड़ गया है।

**शुरू हुई फिल्म की शूटिंग**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता जैकी श्रॉफ, सलमान खान और नयनतारा स्टारर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैकी ने शुक्रवार को मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में वह एक अहम रोल में नजर आएंगे। चर्चाओं के उलट, वह विलेन का रोल नहीं कर रहे हैं, बल्कि फिल्म की कहानी में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। दावा यह भी है कि राहुल देव, अभिमन्यु सिंह और अरविंद स्वामी फिल्म में विलेन का रोल निभाएंगे। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत में शूटिंग का शेड्यूल अगस्त के आखिर तक खत्म होने की उम्मीद है, जिसके बाद टीम छोटे से शेड्यूल की शूटिंग के लिए यूरोप जाएगी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता जैकी श्रॉफ, सलमान खान और नयनतारा स्टारर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैकी ने शुक्रवार को मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में वह एक अहम रोल में नजर आएंगे। चर्चाओं के उलट, वह विलेन का रोल नहीं कर रहे हैं, बल्कि फिल्म की कहानी में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। दावा यह भी है कि राहुल देव, अभिमन्यु सिंह और अरविंद स्वामी फिल्म में विलेन का रोल निभाएंगे। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत में शूटिंग का शुक्रवार को मुंबई में फिल्म की शेड्यूल अगस्त के आखिर तक शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में खत्म होने की उम्मीद है, जिसके वह एक अहम रोल में नजर बाद टीम छोटे से शेड्यूल की शूटिंग आएंगे। चर्चाओं के उलट, वह के लिए यूरोप जाएगीमीडिया विलेन का रोल नहीं कर रहे हैं, रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता बल्कि फिल्म की कहानी में एक जैकी श्रॉफ, सलमान खान और अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# Asur 3 Update: फिर CBI ऑफिसर बनकर लौटेंगे अरशद वारसी नई एक्ट्रेस की हुई एंट्री जानें कब से शुरू होगी शूटिंग



Asur 3: क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'असुर' के फैंस के लिए अच्छी खबर है। सीरीज के अगले सीजन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। जानिए क्या है पूरा मामला। अरशद वारसी की वेब सीरीज 'असुर' ने काफी पॉपुलैरिटी हासिल की है। सीरीज के दोनों सीजन को फैंस से काफी प्यार मिला है। अब इसके अगले सीजन को लेकर नया अपडेट सामने आया है। असुर' वेब सीरीज के बारे में

'असुर' का पहला सीजन 2020 में आया था, जिसमें अरशद वारसी और बरुन सोबती की जोड़ी को खूब पसंद किया गया। दूसरे सीजन के बाद से ही फैंस तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार शो आगे बढ़ रहा है।

अरशद वारसी ने भी पहले इस बात की पुष्टि की थी कि 'असुर 3' पर काम चल रहा है, हालांकि उन्होंने कहा था कि उन्होंने अभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन शो बनना तय है। अरशद वारसी का वर्कफ्रंट

वर्क फ्रंट की बात करें तो अरशद वारसी हाल ही में 'धमाल 4' में नजर आए थे। आने वाले समय में वह 'गोलमाल 5' में भी दिखाई देंगे।

- कास्ट की बात करें तो इस सीजन में एक नई एंट्री भी होने वाली है।
- रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद 'असुर 3' का हिस्सा बन सकती हैं।
- इससे शो की कहानी और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।
- इस बार शो में पर्दे के पीछे भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।
- बताया जा रहा है कि 'असुर' के क्रिएटर गौरव शुक्ला अब तीसरे सीजन में डायरेक्टर की कुर्सी संभालेंगे। पहले दो सीजन का निर्देशन ओनी सेन ने किया था।
- पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक 'असुर 3' की शूटिंग इस साल सितंबर से शुरू होने वाली है

# Aaj Ka Rashifal 10 August

## मेष समेत इन 2 राशियों की बढ़ेगी कमाई, नौकरी-कारोबार में मिल सकता है फायदा



10 August 2026 Rashifal: आज का दिन आपके लिए कैसा रहने वाला है, आइए इस राशिफल से जानते हैं।
Aaj Ka Rashifal 10 August 2026: आज का दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। कुछ जातकों को करियर और कारोबार में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं, तो वहीं कुछ लोगों को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। परिवार, प्रेम संबंध, स्वास्थ्य और कार्यक्षेत्र में भी आज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। ग्रहों की चाल के अनुसार किस राशि के लिए दिन रहेगा शुभ और किसे रहना होगा सतर्क, आइए जानते हैं मेष से मीन राशि तक सभी 12 राशियों का आज का विस्तृत राशिफल।



### मेष

आज करियर और रोजगार के क्षेत्र में किस्मत आपका पूरा साथ देगी। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है, जबकि कार्यक्षेत्र में भी आपकी मेहनत रंग लाएगी। मामा पक्ष से आर्थिक सहयोग या धन लाभ मिलने के योग हैं, जिससे आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह से जुड़ी अड़चन दूर करने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह फायदेमंद साबित होगी। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खुल सकते हैं। लंबे समय से रुके हुए काम आज तेजी से पूरे होंगे और आपकी सफलता आत्मविश्वास को नई ऊंचाई देगी।



### वृषभ

आज का दिन खुशियों और संतोष से भरा रहेगा। आय के एक से अधिक स्रोत बनने से आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी और कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों और ईश्वर की भक्ति में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति का अनुभव होगा। संतान के व्यवहार या भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन आपकी समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। अपने महत्वपूर्ण कामों की जिम्मेदारी खुद उठाएं, क्योंकि आत्मनिर्भरता ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।



### मिथुन

आज व्यापार और करियर में बड़ा कदम उठाने का अवसर मिल सकता है। लंबे समय से रुकी हुई कोई डील या योजना आखिरकार पूरी होने की संभावना है। नए अवसर आपके सामने दस्तक देंगे और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। संतान की पढ़ाई से जुड़ी परेशानियां दूर होंगी, जिससे परिवार में राहत का माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में थोड़ा सतर्क रहें और बिना सोचे-समझे किसी को पैसा उधार देने से बचें। भाई-बहनों का सहयोग आपके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगा।



### कर्क

आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। सुख-सुविधाओं और लाइफस्टाइल पर बढ़ता खर्च बजट बिगाड़ सकता है, इसलिए समझदारी से फैसले लें। किसी करीबी मित्र के साथ छोटी-सी बात पर मतभेद हो सकता है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा, लेकिन किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें। धैर्य और संयम के साथ लिया गया हर निर्णय आपके हित में रहेगा।



### सिंह

आज आर्थिक मामलों में खुशखबरी मिलने की पूरी संभावना है। यात्रा लाभदायक रहेगी और आय में वृद्धि के नए रास्ते खुल सकते हैं। लंबे समय से रुके हुए सरकारी कार्य पूरे होने से राहत मिलेगी। आपकी मेहनत और लगन का पूरा फल मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार पूरे परिवार के चेहरे पर मुस्कान ले आएगा। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में भी सफलता के संकेत हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और मन को सुकून मिलेगा।



### कन्या

आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं। आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कठिन परिस्थितियों में भी आपका धैर्य आपको आगे बढ़ाएगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। दोस्तों के साथ अनावश्यक बहस से बचना ही समझदारी है।



### तुला

आज व्यापार और करियर में आपके प्रयास शानदार परिणाम दे सकते हैं। जिस काम को पूरी लगन से करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना प्रबल रहेगी। परिवार में चल रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी और घर का वातावरण सुखद बनेगा। आपको सौंपी गई जिम्मेदारियां आप बखूबी निभाएंगे। माता-पिता की सलाह आपके लिए सफलता का मार्ग खोल सकती है। विरोधियों की बातों में आकर कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें और अपने विवेक पर भरोसा रखें।



### वृश्चिक

आज थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। वाहन से जुड़ी कोई छोटी परेशानी या अचानक खर्च सामने आ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें और खानपान पर विशेष ध्यान दें। जीवनसाथी का सहयोग और प्रेम आपको हर परिस्थिति में मजबूत बनाए रखेगा। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचें। संतान के भविष्य से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात आपका दिन यादगार बना सकती है।



### धनु

आज सफलता आपकी ओर तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। व्यापार में लाभ होगा और नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। कोई सरप्राइज उपहार या सुखद समाचार आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होने से राहत मिलेगी। नौकरी बदलने या नई नौकरी मिलने के अवसर भी बन सकते हैं। यदि प्रॉपर्टी खरीदने की योजना है तो समय अनुकूल है, बस खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें।



### मकर

आज का दिन धैर्य और समझदारी के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। काम का दबाव अधिक रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत अंत में सफलता दिलाएगी। पुराने लेन-देन थोड़ी परेशानी खड़ी कर सकते हैं। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके रुके हुए कामों को पूरा कराने में मदद करेगा। वरिष्ठ लोगों से बातचीत करते समय संयम रखें। नई योजनाओं पर किया गया प्रयास सफल रहेगा और किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न कर देगी।



### कुंभ

आज व्यापार और करियर में प्रगति के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी या अवसर हाथ लग सकता है, जो भविष्य में लाभदायक साबित होगा। दूसरों के विवादों से दूरी बनाए रखें और अपने काम पर पूरा ध्यान दें। विद्यार्थियों के लिए नई चीजें सीखने और आगे बढ़ने का बेहतरीन समय है। पिता के साथ बातचीत में सम्मान और संयम बनाए रखें। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को मनचाही खबर मिलने की संभावना है।



### मीन

आज आपके नए सपनों को उड़ान मिलने का समय है। घर, जमीन या संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और सहयोग बढ़ेगा। परिवार में लंबे समय से चली आ रही परेशानियां खत्म होने से घर का माहौल सुखद रहेगा। मां के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले साझेदार की सलाह अवश्य लें, इससे सफलता की संभावना और मजबूत होगी।

# Aaj Ka Love Rashifal

## मिथुन और सिंह की लव लाइफ में आएगा नया मोड़, पार्टनर संग बनेगी खास बॉन्डिंग



**Love Rashifal 10 August: 10 अगस्त 2026** का लव राशिफल प्रेम जीवन के लिहाज से मिला-जुला रहने वाला है। किसी के रिश्ते में नजदीकियां बढ़ेंगी, तो कुछ लोगों को छोटी-मोटी गलतफहमियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं सभी राशियों के लिए आज का प्रेम राशिफल।
**Aaj Ka Love Rashifal 10 August 2026**: आज का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए खास रह सकता है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति से कुछ लोगों के रिश्ते में नजदीकियां बढ़ेंगी, तो वहीं कुछ जातकों को गलतफहमियों और छोटी-छोटी बातों से बचने की जरूरत होगी। सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आइए जानते हैं मेष से मीन राशि तक सभी राशियों के लिए आज का लव राशिफल।

# Guru Gochar

## गुरु का अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश, 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, धन के मामले में मिलेगा लाभ




**19 अगस्त 2026** को गुरु बृहस्पति अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। गुरु के इस नक्षत्र परिवर्तन से 4 राशियों के जातकों को करियर, धन और भाग्य के मामले में शुभ परिणाम मिल सकते हैं।
**Guru Gochar In Ashlesha Nakshatra 2026**: ज्योतिष के अनुसार गुरु बृहस्पति को ज्ञान, समृद्धि, सौभाग्य और उन्नति का कारक ग्रह माना जाता है। अगस्त 2026 में गुरु नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहे हैं। 19 अगस्त 2026, बुधवार को सुबह 3:37 बजे गुरु बृहस्पति अश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। गुरु इस नक्षत्र में 31अक्तूबर 2026 तक रहेंगे। इस दौरान कुछ राशियों के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो सकती हैं। करियर में तरक्की के अवसर मिलने के साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं वे 4 राशियां कौन-सी हैं, जिनके लिए गुरु का यह नक्षत्र परिवर्तन शुभ माना जा रहा है।


# Weekly Horoscope

## इस सप्ताह इन राशि वालों को होगा मुनाफा, धन लाभ और सफलता के बनेंगे योग




Weekly Horoscope (10-16 Aug 2026): सावन सोमवार के शुभ संयोग में अगस्त का नया सप्ताह प्रारंभ हो गया है। इस हफ्ते ग्रहों की विशेष कृपा से कुछ राशि वालों को लाभ संभव है। जातकों को सफलता, व्यापार और निवेश में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।
Weekly Lucky Horoscope (10-16 Aug 2026): अगस्त का नया सप्ताह बेहद खास रहने वाला है। इस हफ्ते ग्रहों का संयोग कुछ राशि वालों के लिए सफलता के नए रास्ते लेकर आया है। इन राशि के जातकों को इस दौरान विशेष लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

## Surya Grahan 2026: 12 अगस्त को लगेगा सूर्य ग्रहण, इन 3 राशि वालों पर पड़ेगा भारी



**Surya Grahan 2026 On 12 August**: सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कुछ राशि वालों को कार्यों में बाधाएं, मानसिक तनाव और अतिरिक्त मेहनत का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह ग्रहण चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा। इसका समय रात 9 बजकर 04 मिनट से लेकर 13 अगस्त की सुबह 4:25 तक माना जा रहा है। यह साल का आखिरी सूर्य ग्रहण होगा, परंतु इसे भारत में देखा नहीं जाएगा।चूंकि यह भारत में प्रभावी नहीं होगा, इसलिए इसका सूतक काल और नियमों का पालन भी नहीं किया जाएगा। फिर भी ज्योतिष की दृष्टि से यह ग्रहण बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है,ऐसे में ग्रहण का असर कर्क सहित कुछ राशियों के लिए परेशानियां लेकर आ सकता है और जातकों को काम व यात्रा को लेकर विशेषतौर पर सावधानी बरतने

# वॉर्मअप मैच में पंत के प्रदर्शन ने बढ़ाई चिंता

## पडिक्कल का नंबर-3 पर दावा मजबूत गुरनूर ने प्रसिद्ध को पछाड़ा?




भारत ने श्रीलंका क्रिकेट इलेवन को छह विकेट से हराकर वॉर्म-अप मैच में शानदार जीत दर्ज की, जिसमें देवदत्त पडिक्कल ने 142 रन की नाबाद पारी खेली। शुभमन गिल ने फिटनेस को लेकर चिंता दूर की, जबकि गुरनूर बरार ने प्रसिद्ध कृष्णा को चुनौती दी। दूसरी ओर ऋषभ पंत का खराब शॉट चयन चिंता का विषय रहा। श्रीलंका दौरे की शुरुआत भारतीय टीम के लिए शानदार जीत के साथ हुई। भारत ने तीन दिवसीय वॉर्म-अप मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट इलेवन को छह विकेट से हराया। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने टीम को आसान जीत दिलाई। हालांकि यह मुकाबला मूल रूप से चार दिन का होना था, लेकिन इसे आखिरी समय में तीन दिन का कर दिया गया। इसके बावजूद भारतीय टीम मैनेजमेंट को पहले टेस्ट से पहले कई अहम सवालों के जवाब मिल गए।

**15 से खेला जाएगा पहला टेस्ट**

भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाना है। वॉर्म-अप मैच में कुछ खिलाड़ियों ने अपनी दावेदारी मजबूत की, जबकि कुछ के प्रदर्शन ने टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ाई है। इस मुकाबले का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू देवदत्त पडिक्कल का प्रदर्शन रहा। कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 142 रन की शानदार पारी खेलकर नंबर-3 की जगह पर अपनी दावेदारी बेहद मजबूत कर दी है। पडिक्कल ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ सहजता से बल्लेबाजी की। उनकी फुटवर्क शानदार रही और उन्होंने जरूरत के मुताबिक आक्रामक शॉट भी लगाए। खास बात यह रही कि उन्होंने दबाव में रक्षात्मक होने के बजाय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की। श्रीलंका की परिस्थितियों को देखते हुए भारत के दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की संभावना है

# Indian Team Most Funny Player:

## कौन था टीम इंडिया का सबसे मजेदार खिलाड़ी?




मोहम्मद शमी ने शिखर धवन को टीम इंडिया का सबसे मजेदार खिलाड़ी बताते हुए उनके ड्रेसिंग रूम के कई दिलचस्प किस्से साझा किए। शमी ने बताया कि हार के बाद भी धवन माहौल को खुशनुमा रखने के लिए हंसते और पंजाबी गानों पर टेबल पर डांस करने लगते थे। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टीम इंडिया के अपने पुराने साथी शिखर धवन को सबसे मजेदार खिलाड़ियों में से एक बताया है। शमी और धवन ने करीब एक दशक तक भारतीय टीम में साथ क्रिकेट खेला। जहां धवन ने तीनों प्रारूपों में बतौर सलामी बल्लेबाज अपनी सेवाएं दीं, वहीं शमी भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते रहे। क्रिकेटनेक्स्टऑफिशियल को दिए इंटरव्यू में जब शमी से टीम इंडिया के सबसे मजेदार खिलाड़ी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बिना देर किए शिखर धवन का नाम लिया। शमी ने धवन की मस्ती से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया।

**हार के बाद भी माहौल खुशनुमा रखते थे धवन**

शमी ने बताया कि धवन मैच हारने के बाद भी ड्रेसिंग रूम का माहौल हल्का-फुल्का बनाए रखते थे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी टीम के मैच हारने के बाद सभी खिलाड़ी चेंजिंग रूम में शांत बैठे होते थे, लेकिन धवन कुछ अलग करने की कोशिश करते थे और जोर-जोर से हंसने लगते थे। शमी ने कहा, 'शिखर बहुत मजेदार हैं। वह ऐसी चीजें करते रहते हैं। मान लीजिए हम कोई मैच हार गए और सभी चेंजिंग रूम में आकर बैठे हैं। शिखर कुछ अलग करना चाहते हैं। वह बस जोर से हंसने लगेंगे। अगर मैं पूछूं कि क्यों हंस रहे हो, तो वह कहेंगे- क्योंकि हम हार गए।' तेज गेंदबाज ने आगे बताया कि धवन कभी-कभी टेबल पर खड़े होकर पंजाबी गानों पर डांस भी करने लगते थे। शमी के मुताबिक, धवन की ऐसी हरकतें ड्रेसिंग रूम में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करती थीं।

# बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण

## पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के घर पर हमला खिड़कियों के शीशे तोड़े गए




बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के मगुरा स्थित घर पर अज्ञात लोगों ने ईंट-पत्थर फेंककर हमला किया और गेट में आग लगाने की कोशिश की। यह घटना शेख हसीना के ऑनलाइन कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी के कुछ घंटे बाद हुई, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के मगुरा स्थित घर पर बुधवार शाम अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने घर पर ईंट-पत्थर फेंके, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थानीय अखबार प्रोथोम आलो की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला रात करीब 8:45 बजे मगुरा शहर के केशब मोड़ इलाके में स्थित शाकिब के आवास पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

**लोहे के गेट में लगाई आग, जांच शुरू** मगुरा सदर थाने के प्रभारी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि हमले में घर की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि घर के लोहे के गेट पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, पुलिस को पेट्रोल बम के इस्तेमाल के कोई सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।बांग्लादेश के महानतम ऑलराउंडरों में गिने जाने वाले शाकिब अल हसन लंबे समय से अपनी राजनीतिक पहचान को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। वह 2024 के आम चुनाव में अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में मगुरा-1 सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि, विपक्षी दलों और आलोचकों ने उस चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे।

# PCB की कार्रवाई: पाकिस्तानी क्रिकेटर हमजा नजर पर

## दो साल का प्रतिबंध वीजा मामले में गलत जानकारी देने का आरोप



पाकिस्तानी क्रिकेटर हमजा नजर पर वीजा आवेदन में गलत जानकारी देने और महत्वपूर्ण तथ्य छिपाने के मामले में पीसीबी ने दो साल का प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने क्रिकेटर हमजा नजर पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन के मामले में दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। 27 वर्षीय नजर को वीजा आवेदन के दौरान पूरी और सही जानकारी नहीं देने, भ्रामक विवरण साझा करने तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का दोषी पाया गया। उन पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 3.42 लाख रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है। पीसीबी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। नजर को समिति के सामने अपना पक्ष रखने और आरोपों पर सफाई देने का पूरा अवसर दिया गया। उनके बचाव को सुनने के बाद समिति ने मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार किया और अपनी रिपोर्ट तथा सिफारिशें बोर्ड को सौंप दीं। इसके बाद पीसीबी ने नजर को सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों से दो साल के लिए प्रतिबंधित करने का फैसला किया। साथ ही उन पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया गया। पीसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'गलत जानकारी देना, तथ्यों को प्रशंसकों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं देगा, जो इस खेल को पसंद करते हैं। हाल में सीनियर टीम के कैंप में हुए थे शामिल

हमजा नजर के लिए यह कार्रवाई इसलिए भी अहम है क्योंकि पिछले महीने ही उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारियों के लिए लाहौर में लगाए गए पाकिस्तान के रेड-बॉल ट्रेनिंग कैंप में शामिल किया गया था। नजर ने इस साल की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में घनी ग्लास की ओर से खान रिसर्च लेबोरेटरीज के खिलाफ मैच खेला था। नजर ने 2014 में सियालकोट स्टैलियंस के लिए बहावलपुर स्टैग्स के खिलाफ कायदे-आजम ट्रॉफी सिल्वर लीग मुकाबले से पेशेवर क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अब तक 16 प्रथम श्रेणी, 15 लिस्ट-ए और 10 टी20 मुकाबले खेले हैं। कुल 41 घरेलू मैचों में नजर के नाम 1005 रन और 47 विकेट दर्ज हैं। प्रतिबंध के कारण अब उन्हें अगले दो वर्षों तक पाकिस्तान की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों से दूर रहना होगा।

# ODI WC: वेस्टइंडीज पर फिर मंडराया विश्व कप क्वालिफायर का खतरा लगातार तीसरी बार टूटा सीधा क्वालिफिकेशन का सपना




वेस्टइंडीज 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है और उसे अब क्वालिफायर खेलना पड़ सकता है। अफगानिस्तान की आयरलैंड पर जीत ने उसकी स्थिति और मुश्किल कर दी है, जिससे लगातार तीसरे विश्व कप चक्र में टीम के सीधे क्वालिफिकेशन पर संकट खड़ा हो गया है। वेस्टइंडीज एक बार फिर वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने से चूक गया है। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अब 2027 वनडे विश्व कप में जगह बनाने के लिए क्वालिफायर के रास्ते पर जाने की कगार पर है। लगातार तीसरे विश्व कप चक्र में वेस्टइंडीज को सीधे क्वालिफिकेशन की दौड़ से बाहर होना पड़ा है, जो 50 ओवर के क्रिकेट में टीम के लगातार गिरते प्रदर्शन को दर्शाता है। वेस्टइंडीज की मुश्किलें अफगानिस्तान की आयरलैंड के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में जीत के बाद और बढ़ गईं। अफगानिस्तान की इस जीत ने सीधे क्वालिफिकेशन की दौड़ में उसकी स्थिति मजबूत कर दी और वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष आठ में पहुंचने का बचा हुआ एक रास्ता भी लगभग बंद हो गया। 2027 वनडे विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ नामीबिया करेगा, और सह-मेजबान होने के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे को सीधे प्रवेश मिलेगा। इनके अलावा आठ टीमों को आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर सीधे विश्व कप में जगह मिलेगी। सीधे क्वालिफिकेशन के लिए रैंकिंग की कटऑफ तारीख 30 सितंबर 2026 है।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com**


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91-7088120300


THIS SUMMER BEST DESTINATION
ALPHA RUSH WATER PARK
UNLIMITED FUN, UNLIMITED MEMORIES!
MEGA SAVINGS OFFER
TICKET PRICE: ₹200 (REGULAR PRICE ₹400)
50% OFF!
SPECIAL OFFER: BUY 3 GET 2 FREE
LIMITED TIME OFFER! 10:00 AM TO 12:00 PM
VALID FROM 7TH JUNE TO 15TH JUNE
ATTRACTIONS
EXCITING WATER SLIDES
DJ RAIN DANCE
SAFE KIDS ZONE
DELICIOUS FOOD COURT
100% SAFE & CLEAN ENVIRONMENT
TRAINED LIFEGUARDS AVAILABLE
FREE PARKING
NIGHT BOOKING ALSO AVAILABLE
TIMINGS: 10:00 AM TO 6:00 PM (OPEN ALL 7 DAYS)
NEAR ACN COLLEGE, KASIMPUR POWER HOUSE ROAD, ALIGARH, UTTAR PRADESH - 202001
CONTACT: 8800482265 7088120300


PLANET NEWS INDIA
We Are
HIRING
Are You Ready To Join Our Team
Open Positions :
News Reporter
District Incharge
State Incharge
Promoter/ Cameraman
CALL- 8800482265 / 7088120300


ADS
+91-7088120300


ALPHA FARMHOUSE
यह फार्महाउस पार्टी, फंक्शन, बर्थडे पार्टी,
ऑफिस पार्टी, फैमिली फंक्शन, ऑफिस मीटिंग्स
और भी बहुत कुछ के लिए बुक कर सकते हैं।
पार्टी और फंक्शन
बर्थडे पार्टी
ऑफिस पार्टी
फैमिली फंक्शन
ऑफिस मीटिंग्स
और भी बहुत कुछ
100% सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण |
प्रशिक्षित लाइफगार्ड उपलब्ध | फ्री पार्किंग
नाइट बुकिंग भी उपलब्ध है !
स्थान: Near Ozone City, Yakutpur, Aligarh
समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (सातों दिन खुला)
पता: ए.सी.एन, कॉलेज के पास, कासिमपुर पावर हाउस रोड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश - 202001
संपर्क करें: 8800482265 | 7088120300


ADS


ADS
+91-7088120300